प्रभात खबर चाईबासा जमशेदपुर, गुरुवार 27.06.2024 02

## कोल्हान इंटर कॉलेज व इस्टीम पब्लिक स्कूल में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित

# पौधा रोप पर्यावरण बचाने का दिया संदेश

**चाईबासा.** कोल्हान इंटर कॉलेज और इस्टीम पब्लिक स्कूल में बुधवार को पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया. मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सिन्हा, कोल्हान इंटर कॉलेज के प्राचार्य व इस्टीम पब्लिक स्कूल के चेयरमैन डॉ मनोज कुमार झा, बीइओ राजनगर वसुंधरा कुमारी, बीपीओ राजनगर ममता दुबे व इस्टीम पब्लिक स्कूल के प्राचार्य टी. कुमार उपस्थित रहे. मुख्य अतिथि ने कहा कि पृथ्वी के बढ़ते तापमान व प्रदूषण को देखते हुए



पौधा रोपते अतिथि.

पर्यावरण संरक्षण व पौधरोपण अहम हो गया है. डॉ. मनोज कुमार झा ने कहा कि पृथ्वी पर बढ़ते तापमान व प्रदूषण को देखते हुए पौधरोपण अति आवश्यक है. पेड़-पौधों के महत्व हमारे जीवन में है. हमें जरूरत के विभिन्न प्रकार के चीजें उपलब्ध कराते हैं. इन सभी को देखते हुए हमें मिलकर पर्यावरण संरक्षण व पौधरोपण का प्रयास करने की आवश्यकता है. विद्यालय के प्राचार्य टी कुमार ने बताया कि स्कूल के विभिन्न वर्गों के बच्चों ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया. समाज में एक मैसेज देने का प्रयास किया गया कि हम सब को अपने जीवन में पौधरोपण अवश्य करना चाहिए.

---

4 दैनिक जागरण जमशेदपुर, 27 जून, 2024



पौधारोपण करते जिला शिक्षा पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सिन्हा व कोल्हान इंटर कालेज के प्राचार्य डा. मनोज कुमार झा।

## कोल्हान इंटर कालेज और इस्टीम पब्लिक स्कूल में किया गया पौधारोपण

जासं, चाईबासा : कोल्हान इंटर कालेज एवं इस्टीम पब्लिक स्कूल में बुधवार को पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सिन्हा, कोल्हान इंटर कालेज के प्राचार्य सह इस्टीम पब्लिक स्कूल के चेयरमैन डा. मनोज कुमार झा, राजनगर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी वसुंधरा कुमारी, राजनगर बीपीओ ममता दुबे एवं इस्टीम पब्लिक स्कूल के प्राचार्य टी. कुमार उपस्थित थे। मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सिन्हा थे।

---

दैनिक भास्कर जमशेदपुर, गुरुवार, 27 जून 2024

## कोल्हान इंटर कॉलेज व इस्टीम पब्लिक स्कूल में पौधे लगा पर्यावरण संरक्षण का दिया गया संदेश



**चाईबासा।** कोल्हान इंटर कॉलेज एवं इस्टीम पब्लिक स्कूल में पोधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। पौधरोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सिन्हा, कोल्हान इंटर कॉलेज के प्राचार्य एवं इस्टीम पब्लिक स्कूल के चेयरमैन डॉ मनोज कुमार झा, बी. इ.ओ, राजनगर श्रीमती वसुंधरा कुमारी, बी.पी.ओ , राजनगर श्रीमती ममता दुबे एवं इस्टीम पब्लिक स्कूल के प्राचार्य टी. कुमार मौजूद रहे 1 मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि पृथ्वी पर बढ़ते तापमान एवं प्रदूषण को देखते हुए पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण सबसे अहम हो गया है वही डॉ. मनोज कुमार झा ने भी कहा कि पृथ्वी पर बढ़ते तापमान एवं प्रदूषण को देखते हुए वृक्षारोपण अति आवश्यक है साथ ही पेड़ पौधों के महत्व हमारे जीवन हैं जो हमें जरूरत के विभिन्न प्रकार के चीजें उपलब्ध कराते हैं इसलिए इन सभी को देखते हुए हम सबों को मिलकर पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण करने का प्रयास करने की आवश्यकता है । विद्यालय के प्राचार्य टी. कुमार ने बताया कि स्कूल के विभिन्न वर्गों के बच्चों ने विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया और समाज में एक मैसेज देने का प्रयास इस कार्यक्रम के द्वारा किया गया है कि हम सब को अपने जीवन में वृक्षारोपण अवश्य करना चाहिए 1 वृक्षारोपण कार्यक्रम को सफल बनाने में कॉलेज एवं विद्यालय के शिक्षक - शिक्षिकाओं व कार्यकर्ताओं की भूमिका सराहनीय रहा ।

हिन्दुस्तान जमशेदपुर, गुरुवार, 27 जून 2024

# कोल्हान कॉलेज और इस्टीम स्कूल में पौधरोपण



चाईबासा। कोल्हान इंटर कॉलेज एवं इस्टीम पब्लिक स्कूल में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सिन्हा, कोल्हान इंटर कॉलेज के प्राचार्य एवं इस्टीम पब्लिक स्कूल के चेयरमैन डॉ. मनोज कुमार झा, बीइओ राजनगर वसुंधरा कुमारी, बीपीओ राजनगर ममता दुबे एवं इस्टीम पब्लिक स्कूल के प्राचार्य टी कुमार मौजूद रहे। बच्चों ने भी विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया।